हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 7 व 8 दिसंबर को

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 (एचटेट) 7 व 8 दिसंबर को कराएगा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है।

जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि 7 दिसंबर को लेवल-3 की परीक्षा दोपहर 3 से 5:30 बजे तक और 8 दिसंबर को लेवल-2 की परीक्षा सुबह 10 से 12:30 बजे व लेवल-1 की परीक्षा दोपहर 3 से 5:30 बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा से संबंधित सूचना बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दी जाएगी। संवाद

लेवल-3 की परीक्षा सात को लेवल-1,2 की परीक्षा 8 को

सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इस बार भी प्रश्नपत्र की सुरक्षा को लेकर क्यूआर कोड, अल्फा न्यूमेरिक और हिडन फीचर का फार्मूला अपनाया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी एक लेवल के लिए एक से अधिक आवेदन करता है, तो उसका आवेदन, पात्रता रद्द कर दी जाएगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

Website - www.bseh.org.in E-mail ID- ascond@bseh.org.in

प्रेषक:	सेवा में,
सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी–127021	सभी जिला शिक्षा अधिकारी

क्रमांक: 1742/संचालन ई–मेल दिनांकः 3/9/24

अति–आवश्यक / समयबद्ध

विषयः–हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा दिसम्बर–2024 के संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र स्थापित करने की सहमति देने बारे।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़ के यादि क्रमांक 15/04-2017 Co-1(2) Dated 13-08-2024 के अन्तर्गत जारी निर्देशों की अनुपालना में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा वर्ष–2024 (स्तर–3, 2, 1) दिनांक 07.12.2024 (शनिवार) एवं 08.12.2024 (रविवार) को संचालित करवाई जानी है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों व उप–मण्डल तोशाम, महेन्द्रगढ़ एवं बहादुरगढ़ पर स्थित सभी सी0बी0एस0ई0 विद्यालयों / राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा तकनीकी संस्थानों के भवनों में परीक्षा केन्द्र स्थापित किए जाने हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप सी0बी0एस0ई0 विद्यालयों / विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान के प्राचार्यों / प्रधानाचार्यों / मुख्यध्यापकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे उक्त तिथि अनुसार बोर्ड कार्यालय को भवन प्रयोग की ऑनलाईन सहमति ई–मेल ascond@bseh.org.in पर एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध करवाएं ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करवाई जा सके।

परीक्षा अति महत्वपूर्ण होने के कारण कृपया इसे प्राथमिकता दें।

संलग्नः प्रॉफार्मा की प्रति।

भवदीय,

सहायक सचिव (संचालन)
कृतेः सचिव